>

Title: Regarding result of D.EL.ED students of NIOS in Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): महोदय, सबसे पहले तो मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूँ कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, मैं सुपौल जिला बिहार के एक अविलंब लोक महत्व के विषय की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा संचालित प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.EL.ED.) वर्ष 2017 से 2019 में प्रशिक्षण प्राप्त कर अप्रशिक्षित शिक्षकों के मार्क्स क्षेत्रीय कार्यालय पटना, बिहार द्वारा अपलोड नहीं किए जा रहे हैं । क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस बिहार के पत्रांक: 6022, दिनांक 10-01-2019 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिन-जिन अध्ययन केन्द्रों के मार्क्स किसी कारणवश एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किए जा सके हैं, वे दिनांक 22-01-2019 तक एक्सेल शीट एवं सी.डी. क्षेत्रीय कार्यालय पटना को उपलब्ध करा दें ताकि मार्क्स अपलोड किए जा सकें । सुपौल जिला बिहार के 3 अध्ययन केन्द्र संख्या 471006002, केन्द्र संख्या 471006021 एवं केन्द्र संख्या 471006025 से कुल 480 अप्रशिक्षित शिक्षकों को थ्योरी में पास कर दिया गया है, किन्तु प्रैक्टिकल के मार्क्स अपलोड नहीं होने के कारण उनक परीक्षाफल प्रकाशित नहीं हो रहा है । अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा भी क्षेत्रीय कार्यालय को एक्सेल शीट एवं सी.डी. के माध्यम से प्रैक्टिकल मार्क्स का पूर्ण विवरण उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है । इसके फलस्वरूप 480 अप्रशिक्षित शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है ।

महोदय, मैं सरकार से माँग करता हूँ कि वह इस विषय को गंभीरता से ले और उक्त 480 अप्रशिक्षित शिक्षकों के प्रैक्टिकल मार्क्स को अपलोड कर उनके

भविष्य को संवारने की दिशा में पहल करे । धन्यवाद ।